सिक्यॉरिटी गार्ड हड़ताल पर, एक्वा मेट्रो के 5 स्टेशनों पर 2 घंटे तक बंद रही एंट्री

■ प्रमुख संवाददाता, नोएडा

नोएडा-ग्रेनो रूट पर चल रही एक्वा लाइन मेट्रो में बुधवार को सुबह 6 से 8 बजे तक सिक्यॉरिटी गार्ड की हड़ताल के कारण यात्री परेशान रहे। सेक्टर-81, 83, 101, एनएसईजेड व सेक्टर-137, पांच मेट्रो स्टेशनों पर गार्डों की हड़ताल रही। सिक्यॉरिटी चेक न होने की वजह से वे ट्रेन में नहीं चढ़ पाए और दो घंटे तक स्टेशन पर ही बेहाल होते रहे। 8 बजे के बाद स्थिति सामान्य हो पाई।

एनएमआरसी में आयरनमैन सिक्यॉरिटी एजेंसी के गार्ड कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित कंपनी ने इन्हें 3 महीने से वेतन नहीं दिया है और बुधवार को इन्होंने एक्वा लाइन के 5 मेट्रो स्टेशनों पर ड्यूटी करने से हाथ खड़े कर दिए। अचानक से की गई इस हड़ताल से एनएमआरसी का स्टाफ भी दो घंटे तक कोई विकल्प नहीं निकाल पाया ताकि लोग कम से कम मेट्रो स्टेशन में एंट्री तो कर सकें। दो घंटे तक सैकड़ों यात्री परेशान होते रहे। सबसे ज्यादा दिक्कत इस दौरान स्कूल कॉलेज के छात्रों को हुई। इस समय ग्रेटर नोएडा के कॉलेजों में जाने के लिए तमाम छात्र मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं लेकिन इन 5 स्टेशनों से लोगों की एंट्री मेट्रो में नहीं हो पाई। इसके अलावा अन्य सभी स्टेशनों पर व्यवस्था सामान्य थी और ट्रेन भी अपने टाइम से चल रही थी। वहीं, एनएमआरसी ने आयरनमैन एजेंसी को लेटर लिखकर चेतावनी दी है कि यह आप लोगों का आपसी मामला है और इस तरह की दिक्कत अगर मेट्रो स्टेशन पर दोबारा सामने आई तो संबंधित एजेंसी का कांट्रेक्ट कैंसल कर दिया जाएगा क्योंकि मेट्रो स्टेशन की सिक्यॉरिटी व्यवस्था प्रभावित हुई है।

> दो घंटे तक इन 5 मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के लिए इंतजार करना पड़ा। संबंधित एजेंसी को हमने चेतावनी दी है कि इस मसले को आपस में सुलझाएं और आगे से इस तरह की हड़ताल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
>
> -पीडी उपाध्याय, एग्जीक्युटिव इंजीनियर, एनएमआरसी